हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 18 सितम्बर 2025, समय 1305)

डाक विभाग  और भारत संचार निगम लिमिटेड  ने आज नई दिल्ली में पूरे भारत में बीएसएनएल की मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य डिजिटल खाई को पाटना, ग्रामीण परिवारों को मोबाइल सेवाओं से सशक्त बनाना और वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए डिजिटल इंडिया के व्यापक लक्ष्यों को आगे बढ़ाना है। यह समझौता बीएसएनएल की दूरसंचार सेवाओं को, विशेष रूप से देश के सुदूरतम भागों में रहने वाले नागरिकों के लिए, अधिक सुलभ और किफायती बनाएगा। इसके तहत, डाक विभाग देश भर में अपने 1लाख 65 हजार  से अधिक डाकघरों के नेटवर्क के माध्यम से बीएसएनएल सिम कार्डों की बिक्री करेगा।

***********************************************************************************

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - "सेवा पर्व" में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने संबद्ध गतिविधियों में वृद्धि के माध्यम से कृषि को एक विविध क्षेत्र में बदल दिया है।

*आज के भारत में, खेती अब केवल अनाज के खेतों तक ही सीमित नहीं रह गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, कृषि संबद्ध क्षेत्रों में भी अपना विस्तार कर रही है, जिससे ग्रामीण परिवारों के लिए आय और लचीलेपन के नए स्रोत खुल रहे हैं।*

*इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार सभी किसानों को देश की विकास योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है।*

*भारत फलों, सब्जियों और मसालों के शीर्ष उत्पादकों में से एक है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक भी है, जहाँ डेयरी गाँवों में समृद्धि का एक स्तंभ बनकर उभर रही है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसी योजनाएँ देशी मवेशियों की नस्लों में सुधार ला रही हैं।*

*मत्स्य निर्यात 20 अरब डॉलर को पार कर गया है, जो हमारे तटीय और अंतर्देशीय जल की ताकत को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मत्स्य पालन और जलीय कृषि का आधुनिकीकरण कर रही है।*

*[प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की लाभार्थी अनीता सिंह ने अपनी सफलता की कहानी साझा की...]*

*एकल-फसल पर निर्भरता से आगे बढ़कर, कृषि-संबद्ध क्षेत्र हमारे किसानों के लिए एक सुरक्षा जाल बना रहे हैं। यह क्षेत्र एक सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य के लिए अनगिनत अवसर खोल रहा है।*

**अश्विनी कुमार शर्मा आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़**

**************************************************************************************

देशभर में 22 सितंबर से लागू होने जा रहे अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को लेकर उद्योग जगत में उत्साह का माहौल है। विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र इस बदलाव को आर्थिक सुधारों की दिशा में बड़ा कदम मान रहा है।

इंटीग्रेटेड एसोसिएशन ऑफ माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज ऑफ इंडिया के चेयरमैन राजीव चावला ने कहा है कि नई व्यवस्था से कारोबार करने में आसानी होगी और कर प्रणाली अधिक पारदर्शी बनेगी।

**************************************************************************************

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कल पलवल के नागरिक अस्पताल में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा –

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है।

**************************************************************************************